# फूलो से अंगना सजाउंगी जब मैया मेरे घर आएगी भजन लिरिक्स

**फूलो से अंगना सजाउंगी जब मैया मेरे घर आएगी भजन**

फूलो से अंगना सजाउंगी
जब मैया मेरे घर आएगी

चन्दन चौकी बिछाऊ
माँ का आसन सजाउं
मै तो माँ को उस पे बिठाउंगी
जब मैया मेरे घर आएगी
फूलो से अंगना सजाउंगी
जब मैया मेरे घर आएगी

मंगल कलश सजाऊ
गंगा जल भर लाऊ
मै तो माँ के चरण धुलाउंगी
जब मैया मेरे घर आएगी
फूलो से अंगना सजाउंगी
जब मैया मेरे घर आएगी

केसर रोली लेकर आऊ मै
घिस घिस चन्दन तिलक बनाऊ
मै तो माँ के तिलक लागाउंगी
जब मैया मेरे घर आएगी
फूलो से अंगना सजाउंगी
जब मैया मेरे घर आएगी

हलवा छोले बनाऊ
मै तो भोग लगाऊ
अपने हाथो से माँ को खिलाऊगी
जब मैया मेरे घर आएगी
फूलो से अंगना सजाउंगी
जब मैया मेरे घर आएगी